मध्यप्रदेश विधान सभा

दिसम्बर, 2016 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 5 दिसम्बर, 2016 (अग्रहायण 14, 1938)

समय 11.00 बजे दिन

1. शपथ

उप चुनाव में, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-179 नेपानगर (अ.ज.जा.) से निर्वाचित सदस्य, सुश्री मंजू राजेन्द्र दादु शपथ लेंगी, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर करेंगी और सभा में अपना स्थान ग्रहण करेंगी.

2. निधन का उल्लेख

(1) श्री सत्यदेव कटारे, मध्यप्रदेश विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष,
(2) श्री रामनरेश यादव, मध्यप्रदेश के पूर्व राज्यपाल,
(3) श्री मोहम्मद शफी कुरैशी, मध्यप्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल,
(4) डॉ. भाई महावीर, मध्यप्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल,
(5) श्री विद्याधर जोशी, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(6) डॉ. लालता प्रसाद खरे, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(7) श्री राव देशराज सिंह यादव, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(8) श्री सेवाराम गुप्ता, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(9) श्री आरिफ बेग, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(10) श्रीमती जयवंतीबेन मेहता, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(11) प्रो. एम.जी.के.मेनन, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(12) कानपुर के निकट पुखरायां में दिनांक 20 नवम्बर, 2016 को हुए रेल हादसे में मृत व्यक्ति.

3. अध्यादेश का पटल पर रखा जाना

श्री रामपाल सिंह, विधि और विधायी कार्य मंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन तथा विधिमान्यकरण) अध्यादेश, 2016 (क्रमांक 3 सन् 2016) पटल पर रखेंगे.

4. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

5. जुलाई-अगस्त, 2016 सत्र के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना.

6. नियम 267 - क के अधीन जुलाई-अगस्त, 2016 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

7. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना.

8. सभापति तालिका की घोषणा.

अवधेश प्रताप सिंह
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 4 दिसम्बर, 2016